कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री कल्याण प्रसाद पुत्र सोहन लाल बैरवा निवासी बिन्यावाली ढाणी ग्राम पोस्ट लवाण तहसील लवाण जिला दौसा 303315 राज.

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0जिला कलेक्टर) दौसा जिला दौसा व अन्य

अपील सं0 49/2019

निर्णय दिनांक : 06.11.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी,(अति0जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर) दौसा व लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी), दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2479–80 दिनांक 21.10.19 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी (अति0जिला कलेक्टर) दौसा के पृष्ठांकित पत्रांक 1012 दिनांक 06.11.2019 की प्रति सूचनार्थ इस कार्यालय को भिजवाते हुए अपीलांट को सूचना प्रेषित की गई है एवं लोक सूचना अधिकारी, (जिला रसद अधिकारी), दौसा द्वारा उनके पत्रांक रसद/आरटीआई/2019/2000 दिनांक 05.11.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी), दौसा के पत्रांक पत्रांक रसद/आरटीआई/2019/1989 दिनांक 25.10.2019 द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसकी छायाप्रति भी संलग्न भिजवाई गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा